No. of Printed Pages : 8 **CFN-3**

CERTIFICATE PROGRAMME IN FOOD AND NUTRITION (CFN)

Term-End Examination

02282

December, 2018

CFN-3 : ECONOMICS OF FOOD

Time : 3 hours *Maximum Marks : 100*

Note : *Question no. 1 is **compulsory**. Answer **five** questions in all. All questions carry equal marks.*

---

1. (a) List any two foods which provide the basic material for our energy needs and any two foods which supplement our diet. *2*

   (b) List the different sources from where you can obtain food. *3*

   (c) List five different types of plants which can be planted in a kitchen garden. $2\frac{1}{2}$

   (d) Mention any five resources needed for agriculture. $2\frac{1}{2}$

(e) Name any five commodities recognized for sale by TPDS by the Government of India. $2\frac{1}{2}$

(f) What is ATMA in the context of agricultural extension system ? 2

(g) "Chickens are the best 'waste-converters'." What do you understand from this statement ? 2

(h) What is the main objective of the National Federation of Fishermen's Cooperative ? $2\frac{1}{2}$

(i) Define milk grid. 1

2. (a) How does the ratio of income and expenditure on food items change as the income increases or decreases ? Comment, giving appropriate justifications. 8

(b) Enumerate the factors you would consider in preparing a food budget. 12

3. (a) Briefly explain the working procedure of the TPDS in our country. 10

(b) Discuss the components of food subsidy in brief. 10

4. Explain the following giving appropriate examples :

(a) Subsidies given to the agriculture sector come in different forms *10*

(b) Subsidies provided by the Government to the fishermen *5*

(c) Government schemes for poultry development *5*

5. (a) Differentiate between 'Capture fisheries' and 'Culture fisheries', highlighting their types and categories. *10*

(b) Enlist the activities of the Operation Flood, Phase I. *5*

(c) What are the initiatives taken by the Government for clean milk production ? *5*

6. "Different types of supplementary feeding programmes have evolved over the years to combat malnutrition." Comment on the statement highlighting the different programmes and their supplementary feeding components. *20*

7. (a) What precautions would you advocate to a home maker to prevent buying adulterated food ? *10*

(b) What are the different agencies working towards Consumer Education ? Explain briefly. *10*

8. Write short notes on any ***four*** of the following : *5+5+5+5*

(a) Grading of fruits and vegetables

(b) Food Safety and Standards Act, 2006

(c) Products of a poultry farm

(d) Government programme for cattle development

(e) Kitchen garden : concept and uses

सी.एफ.एन.-3

भोजन और पोषण में प्रमाण-पत्र कार्यक्रम (सी.एफ.एन.)

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2018

सी.एफ.एन.-3 : भोजन का आर्थिक पक्ष

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *प्रश्न सं. 1* ***अनिवार्य*** *है । कुल* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

---

1. (क) किन्हीं दो ऐसे खाद्य-पदार्थों को सूचीबद्ध कीजिए जो हमारी ऊर्जा की ज़रूरतों के लिए आधारभूत सामग्री प्रदान करते हैं और ऐसे कोई दो खाद्य-पदार्थ बताइए जो हमारे आहार को पूरक पोषण प्रदान करते हैं । *2*

(ख) ऐसे विभिन्न स्रोतों को सूचीबद्ध कीजिए जिनसे आप खाद्य-पदार्थ प्राप्त कर सकते हैं । *3*

(ग) ऐसे पाँच भिन्न-भिन्न प्रकार के पौधों के नाम बताइए जिन्हें घरेलू बाग़वानी में लगा सकते हैं । $2\frac{1}{2}$

(घ) कृषि के लिए ज़रूरी किन्हीं पाँच संसाधनों का उल्लेख कीजिए । $2\frac{1}{2}$

(ङ) भारत सरकार द्वारा टी.पी.डी.एस. (TPDS) के माध्यम से बिक्री के लिए मान्य किन्हीं पाँच वस्तुओं के नाम बताइए । $2\frac{1}{2}$

(च) कृषि विस्तार प्रणाली के संदर्भ में ए.टी.एम.ए. क्या है ? 2

(छ) "चूज़े सर्वोत्तम 'बेकार की वस्तुओं को बदलने वाले' हैं ।" इस कथन से आप क्या समझते हैं ? 2

(ज) राष्ट्रीय मछुआरा सहकारी संघ का मुख्य उद्देश्य क्या है ? $2\frac{1}{2}$

(झ) मिल्क-ग्रिड को परिभाषित कीजिए । 1

2. (क) आय के बढ़ने या घटने से आय और खाद्य-पदार्थों पर व्यय का अनुपात किस तरह बदल जाता है ? उचित पुष्टियों सहित टिप्पणी कीजिए । 8

(ख) भोजन का बजट बनाते समय आप किन कारकों को ध्यान में रखेंगे ? वर्णन कीजिए । 12

3. (क) हमारे देश के टी.पी.डी.एस. की कार्यप्रणाली का संक्षेप में वर्णन कीजिए । 10

(ख) खाद्य-पदार्थों पर मिलने वाली आर्थिक सहायता के घटकों का संक्षेप में वर्णन कीजिए । 10

4. उपयुक्त उदाहरण देते हुए, निम्नलिखित की व्याख्या कीजिए :

(क) कृषि क्षेत्र में आर्थिक सहायताएँ विभिन्न रूपों में दी जाती हैं 10

(ख) सरकार द्वारा मछुआरों को प्रदान की जाने वाली आर्थिक सहायताएँ 5

(ग) मुर्गीपालन के विकास के लिए सरकारी योजनाएँ 5

5. (क) 'कैप्चर मछलीपालन' और 'कल्चर मछलीपालन' के विभिन्न प्रकारों और श्रेणियों पर प्रकाश डालते हुए कैप्चर और कल्चर मछलीपालन के बीच अंतर बताइए । 10

(ख) ऑपरेशन फ्लड फेज I की गतिविधियों को सूचीबद्ध कीजिए । 5

(ग) स्वच्छ दुग्ध उत्पादन के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास (पहलें) की गईं हैं ? 5

6. "कुपोषण को दूर करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न प्रकार के पूरक पोषण कार्यक्रम प्रारंभ किए गए ।" विभिन्न कार्यक्रमों और उनके पूरक आहार घटक पर प्रकाश डालते हुए इस कथन पर टिप्पणी कीजिए । 20

7. (क) गृहिणियों को मिलावटी खाद्य-पदार्थ खरीदने से बचाने के लिए आप उन्हें क्या सावधानियाँ बरतने की सलाह देंगे ? 10

(ख) उपभोक्ता शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही विभिन्न एजेंसियाँ कौन-कौन सी हैं ? संक्षेप में व्याख्या कीजिए । 10

8. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** पर संक्षिप्त टिप्पणि लिखिए : 5 +5

(क) फलों व सब्ज़ियों का श्रेणीकरण

(ख) खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006

(ग) मुर्गीपालन फार्म के उत्पाद

(घ) पशु विकास के लिए सरकारी कार्यक्रम

(ङ) घरेलू बाग़वानी : संकल्पना और उपयोग

———